आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 20.03.2026 समय : 07.10 PM

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- स्वच्छ ऊर्जा और आत्मनिर्भरता की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है भारत।

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में 'आनंद के आयाम' राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया।

- ओलावृष्टि से फसल नुकसान पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों को तुरंत सर्वे कर किसानों को राहत देने को कहा।

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल जयपुर में देश के बड़े उद्योगपतियों से मिलकर प्रदेश में निवेश के मौकों पर चर्चा करेंगे।

पीएम मोदी- वैश्विक ऊर्जा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि भारत वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में एक नया और अहम अध्याय लिख रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीपद नाइक का एक लेख शेयर करते हुए कहा कि देश का ऊर्जा बदलाव सही नीतियों और आत्मनिर्भरता की सोच पर टिका है। पीएम मोदी ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा बढ़ाने, बिजलीकरण को बढ़ावा देने और देश में ही उत्पादन मजबूत करने की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस पर भोपाल में 'आनंद के आयाम' राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया। आरसीवीपी नरोन्हा अकादमी में आयोजित इस संगोष्ठी में हार्टफुलनेस संस्थान के कमलेश डी. पटेल ने मुख्य संबोधन दिया और आनंद व प्रसन्नता के विविध पहलुओं पर गहन चर्चा हुई। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश देश का पहला और एकमात्र राज्य है जहाँ 'आनंद विभाग' कार्यरत है।

जयशंकर- राजनयिकों से की मुलाकात

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आज ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग, कजाकिस्तान के राजदूत और बांग्लादेश के उच्चायुक्त से अलग-अलग मुलाकात की। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री के साथ पश्चिम एशिया संघर्ष और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के मुद्दों पर चर्चा हुई। कजाकिस्तान के राजदूत

से भारत-कजाकिस्तान साझेदारी को मजबूत करने और बांग्लादेश के उच्चायुक्त से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर बातचीत हुई।

ईंधन आपूर्ति सामान्य

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच केंद्र सरकार ने देशवासियों को भरोसा दिलाया है कि एलपीजी और कच्चे तेल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि घरेलू एलपीजी उत्पादन में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और कालाबाजारी रोकने के लिए कल देशभर में साढ़े चार हजार से अधिक छापे मारे गए। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया-

शिवराज सिंह- बारिश

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में बड़े अधिकारियों के साथ बैठक कर देश में खेती-किसानी के हालात का जायजा लिया। कई राज्यों में बेमौसम बारिश और ओले गिरने से फसलों को हुए नुकसान के बाद उन्होंने अधिकारियों को तुरंत सर्वे कर किसानों को जल्द राहत देने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री- जयपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल जयपुर में देश के बड़े उद्योगपतियों से मुलाकात कर प्रदेश में निवेश के मौकों पर चर्चा करेंगे। इस बैठक में प्रदेश की औद्योगिक नीति, सुविधाएं और तेज मंजूरी प्रणाली की जानकारी उद्योग जगत के सामने रखी जाएगी। मुख्यमंत्री चुनिंदा उद्योगपतियों से अलग-अलग मुलाकात कर प्रस्तावित परियोजनाओं पर भी बात करेंगे।

शिक्षा मंत्रालय- मुहिम

सरकार जल्द ही एक देशव्यापी अभियान शुरू करने जा रही है, जिसके तहत स्कूल छोड़ चुके बच्चों को ढूंढकर उन्हें फिर से पढ़ाई से जोड़ा जाएगा। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस मुहिम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत साल 2030 तक सौ फीसदी बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लक्ष्य को पाने में मदद मिलेगी। जो बच्चे आर्थिक, सामाजिक या दूरी जैसी वजहों से रोज स्कूल नहीं जा सकते, उनके लिए मुक्त विद्यालय यानी ओपन स्कूल एक बेहतर विकल्प के रूप में काम करेगा।

मुख्यमंत्री- चेटीचंड महापर्व

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन के टावर चौक फ्रीगंज में चेटीचंड महापर्व पर सिंधी समाज के भव्य चल समारोह का भगवा ध्वज लहराकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को चेटीचंड की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व अखंड भारत की भावना को मजबूत करते हुए एकता, सांस्कृतिक गौरव और समरसता का संदेश देता है।

उपराष्ट्रपति- महाराष्ट्र दौरा

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन कल से दो दिन के महाराष्ट्र दौरे पर रहेंगे। पहले दिन वे नागपुर में भारतीय युवा संसद के 29वें राष्ट्रीय सत्र का उद्घाटन करेंगे और मुंबई में रतन टाटा कौशल विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह तथा 64वें जैन दीक्षा समारोह में भी शामिल होंगे। दौरे के दूसरे दिन वे पुणे में निसर्गोपचार आश्रम के स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

मौसम

अब बात मौसम की। बीते चौबीस घंटों में प्रदेश के 42 जिलों के 112 शहरों और कस्बों में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि दर्ज की गई है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन समेत कई बड़े शहरों में बारिश हुई, जबकि सबसे ज्यादा बारिश धार के बदनावर और बैतूल के घोड़ा डोंगरी में दर्ज की गई। 13 जिलों में ओले गिरने से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा है, जिससे किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में भी ऐसा ही मौसम बना रह सकता है।

रानी अवंतीबाई पुण्यतिथि

आज 1857 की क्रांति की वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की पुण्यतिथि है। साल 1858 में आज ही के दिन उन्होंने मंडला के देवहरीगढ़ में ब्रिटिश सेना से लड़ते हुए गुलामी स्वीकार करने की बजाय आत्मबलिदान दिया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए डिंडोरी के कार्यक्रम को संबोधित किया और एक करोड़ रुपये की लागत से बने नवनिर्मित संग्रहालय का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने रानी अवंतीबाई को नारी शक्ति और अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति बताते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

समाचार संक्षेप में :-

- आगरमालवा के अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास में आज एक विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। इसमें छात्राओं को घरेलू हिंसा, दहेज प्रतिषेध और महिलाओं से जुड़े कानूनों की जानकारी दी गई।
- सीहोर जिले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पंजीकृत लाभार्थियों को विपणन (मार्केटिंग) सहायता प्रदान करने के लिए जिले के उत्कृष्ट विश्वकर्मा कारीगरों का चयन किया जा रहा है।
- खंडवा जिले के नया हरसूद में आज से तीन दिवसीय "आदिरंग" महोत्सव शुरू हो रहा है। जनजातीय नृत्य, संगीत और शिल्प कलाओं पर केंद्रित यह महोत्सव 22 मार्च तक स्टेडियम ग्राउंड में चलेगा।
- झाबुआ जिले में किसानों को उर्वरक आसानी से मिल सके इसके लिए ई-विकास प्रणाली शुरू की गई है, जिसके तहत किसान ई-टोकन से पंजीयन कर नजदीकी विक्रेता से खाद ले सकेंगे।
- डिंडोरी जिला मुख्यालय में आज सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल की जयंती धूमधाम से मनाई गई ।
- जबलपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत कल की गई। इस अवसर पर गौर पुल के नीचे स्वच्छता अभियान चलाकर जल के महत्व का संदेश दिया गया।

-----------------------------------